चलो हम प्रभू प्यार में मग्न हो जायें

चलें हम उसके प्यार में मग्न हो जायें, जिसने हमारा जीवन इतना ऊंच, श्रेष्ठ, पवित्र बना दिया...., चलें हम उसकी याद में मग्न हो जायें जिसने हमें सर्व सम्बन्धों का प्यार दिया ...., चलें हम उस शिव पिता की याद में खो जायें जिसने हमें सर्व खजानों से भरपूर किया है...., हमारे पर अनगिनत उपकार किए हैं....,हमारे सब दुःख हर लिये हैं....., अतिन्द्रिय सुख का अनुभव करवाकर हमारे जीवन को अलौकिक बना दिया है...., चलें हम उसकी याद में खो जाएं जिसने हमें स्वराज्य अधिकारी, बेफिक्र बादशाह बनाकर अनेक फिखरों से फारिग कर दिया...., चलें हम उसको दिल से याद करें जिसने हमारा जीवन पवित्र बना दिया ...., चलें हम उनकी याद में मग्न हो जायें जो हमें स्वर्ग की बादशाही देने हमारे सन्मुख आया है...., चलें हम उस परमसतगुरु का ध्यान करें जिसने हमें मुक्ति जीवनमुक्ति की सच्ची राह दिखाई...., चलें हम उस शिव साजन के प्यार में खो जाएं जिसने स्वयं हमें अपनी सजनी बनाया....। चलें हम उस खुदा दोस्त की याद में समा जाएं जो हमें पग-पग पर मदद करने के लिए बंध गया है...., हम उसके प्यार में इतना खो जायें कि हर श्वास, हर सेकेण्ड उसकी याद के बिना बीते ही नहीं....। यह कितनी सुखद याद है जो हमें देह और देह की दुनिया से दूर, बहुत दूर अपने स्वीटहोम तक ले जाती है...., अहा मेरे मीठे बाबा आपने मेरा जीवन कितना ऊंच व श्रेष्ठ बना दिया....। चलें हम उस प्रियतम के साथ कम्बाइंड हो जाएं जो हमें अनेक जन्मों के लिए सर्वगुण संपन्न सोलह कला सम्पूर्ण, सम्पूर्ण निर्विकारी बना देते हैं...., अपनी सर्वशक्तियों से हमें फुलचार्ज कर देते हैं....। चलें हम उसक निच्छल, निर्मल व निःस्वार्थ प्यार में खो जायें.....।

भृकुटि सिहांसन पर विराजमान मैं चमकता हुआ स्टार स्वराज्य अधिकारी आत्मा हूं...., मैं पदमापदम भाग्यशाली आत्मा हूं...., मैं आत्मा अब इस साकार लोक से अपने स्वीट साइलेन्स घर जा रही हूं....। मैं मास्टर सर्वशक्तिवान आत्मा परमधाम में सर्वशक्तिवान, ऑलमाइटी अथॉरिटी के सन्मुख हूं....., बाबा से सर्वशक्तियों की किरणें मुझ आत्मा पर पड़ रही हैं...., मैं आत्मा स्वयं को भरपूर अनुभव कर रही हूं...., मुझ आत्मा से वह किरणें चारों ओर दूर-दूर तक फैल रही हैं....., इन शक्तिशाली किरणों की सकाश सर्व आत्माओं को प्राप्त हो रही है...., उनके दुःख, कष्ट सब नष्ट हो रहे हैं....., उनका भी कल्याण हो रहा है......, उनके जीवन में सुख-शान्ति की बौछार हो रही है......, वे भी स्वयं को धन्य-धन्य अनुभव कर रहे हैं.....।